Reg. No. : ..................................

Name : ........................................

**FY-815**

**IMPROVEMENT / SUPPLEMENTARY EXAMINATION, OCTOBER 2022**

Part – III

**HINDI (Optional)**

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool-off time : 15 Minutes

*सामान्य निर्देश :*

- प्रश्न वाचन और चिंतन के लिए 15 मिनट का समय है ।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें ।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें ।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

**सूचना : नीचे दिया कवितांश पढ़कर 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें :**

चाहा बस तुमने है ।

दाहिना अंगूठा यह !

यह तो समर्पित था,

मेरा हर लक्ष्य – उपलक्ष्य,

उपकरण साध्य –

चरणों में पहले से अर्पित था ।

1. इस कवितांश के कवि कौन हैं ?

(कीर्ति चौधरी, सुमित्रानंदन पंत, अरुण कमल) **(1)**

2. यहाँ गुरु ने क्या चाहा ? **(1)**

3. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें। **(6)**

4. सही मिलान करें :

| **अ** | **आ** |
|---|---|
| चीफ की दावत | संस्मरण |
| महात्मा गाँधी | कहानी |
| तितली | एकांकी |
| यहाँ रोना मना है | कविता |

**(4)**

**सूचना : निम्नलिखित गद्यांश पढ़ें और 5 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें :**

गोरखपुर उत्तर प्रदेश में चौरी चौरा कांड हुआ और महात्मागाँधी ने अपना असहयोग आंदोलन वापस लिया – यह कहकर कि देश अभी पूरी तरह से असहयोग आंदोलन के लिए तैयार नहीं है। माँ के आदेश पर मैंने फिर अपना अध्ययन का क्रम आगे बढ़ाया। सन् 1929 में मैंने एम.ए. की परीक्षा उत्तीर्ण की और मैं प्रयाग विश्वविद्यालय में हिन्दी विभाग के अंतर्गत प्रवक्ता नियुक्त हो गया। साथ ही हिन्दी प्रेम के कारण मुझे अखिल भारतीय हिन्दी सम्मेलन में स्वर्गीय पुरुषोत्तम दास टंडन ने परीक्षा मंत्री बना दिया। उसी समय सन् 1937 में मुझे उत्तमा परीक्षा की मौखिक परीक्षा के लिए वर्धा जाने का सुयोग प्राप्त हुआ।

5. कोष्ठक से सर्वनाम शब्द चुनकर लिखें।

(मैं, परीक्षा, सिर) **(1)**

6. कोष्ठक से संज्ञा शब्द चुनकर लिखें।

(महात्मागाँधी, वापस, तरह) **(1)**

7. महात्मागाँधी ने क्या कहकर असहयोग आंदोलन को वापस लिया ? **(2)**

8. खंड का संक्षेपण करके उचित शीर्षक लिखें। **(6)**

**सूचना : 9 से 12 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें।** **(2 × 2 = 4)**

9. वीरगाथाकाल के प्रमुख कवि और उनके ग्रन्थ कौन-कौन से हैं ?

10. निर्गुण भक्ति काव्य की प्रवृत्तियों पर टिप्पणी लिखें।
    - बिना आकार या रूप के भगवान के प्रति भक्ति
    - ईश्वर के अवतार रूप को नहीं मानना

11. सूफी काव्य की प्रमुख प्रवृत्तियाँ लिखें।
    - हिन्दू संस्कृति का चित्रण
    - प्रबन्ध काव्य शैली

12. तुलसीदास ने मर्यादा पुरुषोत्तम राम में किन-किन का समन्वय किया है ?
    - शक्ति
    - शील और सौन्दर्य

**सूचना : 13 से 17 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें।** **(3 × 4 = 12)**

13. माँ से कृष्ण की शिकायतें टिप्पणी के रूप में लिखें।

14. जीवनवृत्त पढ़ें और अरुण कमल के बारे में एक अनुच्छेद लिखें।

| | | |
|---|---|---|
| जन्म | – | 15 फरवरी, 1954 नासरीगंज, रोहतास |
| प्रमुख रचनायें | – | अपनी केवल धार, सबूत, नए इलाके में, पुतली में संसार |
| उपलब्धियाँ | – | भारत भूषण अग्रवाल पुरस्कार, सोवियत भूमि पुरस्कार, श्रीकांत वर्मा स्मृति पुरस्कार |
| विशेषतायें | – | • तीव्र अनुभूतियों और अनुभूत सच्चाइयों के कवि<br>• कविताओं का अंतर्पाठ व्यापक एवं सार्थक<br>• कविताओं में सार्वभौमिकता |
| देन | – | • नए बिंब और बोलचाल की भाषा का समावेश।<br>• बदली दुनिया के पग पग पर परिचर्चित परिवेश के अनेक आयामों की प्रस्तुति। |
| संप्रति | – | पटना विश्वविद्यालय के अध्यापक |

15. 'ईदगाह' कहानी के मुख्य पात्र हामिद की चरित्रगत विशेषताएँ लिखें ।

- क्षणिक सुख न चाहने वाला
- दृढ़चित्त

16. माली आवत देख करि, कलियाँ करैं पुकार ।

फूली फूली चुनि गई, कालि हमारी बार ।।

(कालि – कल, फूलि – फूल)

दोहे का भावार्थ लिखें ।

17. 'पृथ्वीराज रासो' पर टिप्पणी लिखें ।

- सर्वप्रथम महाकाव्य
- वीरभावों की अभिव्यंजना

**सूचना : 18 से 22 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें ।** **(3 × 6 = 18)**

18. आपके स्कूल द्वारा 14 सितंबर को हिन्दी दिवस मनाया जा रहा है । इसके लिए एक पोस्टर तैयार करें ।

- भारत की राजभाषा
- अधिकांश लोगों की बोलचाल की भाषा
- ललित भाषा

19. खंड का हिन्दी में अनुवाद करें :

Our school has a large number of trees in its compound and park. The students make good use of them. Sometimes the teachers hold classes under the trees. Sometimes the students hold their debates, theatrical performances under them.

(Compound – मैदान, Park – बगीचा, Make good use of them – अच्छी तरह काम में लाना, Debate – वाद-विवाद, Theatrical Performances – नाट्य प्रस्तुतियाँ) ।

20. 'महात्मागाँधी' संस्मरण के आधार पर रामकुमार वर्मा और कस्तूरबा के बीच का वार्तालाप तैयार करें।

- कस्तूरबा सामने दीख पड़ना
- खाने के लिए बुलाना
- कस्तूरबा का माँ जैसा व्यवहार

21. एम.डॉट.कॉम कहानी के मुख्य पात्र माँ की डायरी लिखें।

- भैंस की मृत्यु
- माँ का परसा के पास जाना
- गाँव का परिवर्तन

22. सगुण भक्ति काव्यधारा पर टिप्पणी लिखें।

- कृष्ण भक्ति और राम भक्ति
- अवतार की कल्पना
- लीला माधुरी का वर्णन

**सूचना : 23 से 27 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें।** **(3 × 8 = 24)**

23. जॉनसन एण्ड जॉनसन कंपनी की ओर से एक नया केश तेल दूकानों में बेचा जा रहा है। इसके लिए एक विज्ञापन तैयार करें।

- कम दाम
- महकनेवाला
- लंबे और घने बाल
- ताज़गी

24. मान लें, सालों बाद अपनी प्राथमिक पाठशाला के सामने से गुज़रते हैं। अपने बीते स्कूल जीवन की यादें आप अपने मित्र को पत्र के रूप में लिखते हैं। यह पत्र कल्पना करके लिखें।

- नए-नए मकान
- रंगवाले लोहे का फाटक
- स्मृति का भरोसा नहीं
- एक ही दिन में पुरानी पड़ जाती है दुनिया

25. 8 मार्च महिला दिवस के अवसर पर स्कूल में एक भाषण प्रतियोगिता चल रही है। इसके लिए एक भाषण तैयार करें।

- महिला दिवस का आयोजन
- स्त्री के प्रति अत्याचारों पर रोक
- स्त्री सुरक्षा के विभिन्न आयाम
- स्त्री की मान्यता बनाए रखने की शिक्षा

26. हिन्दी साहित्य के काल विभाजन के आधार पर आदिकाल की मुख्य प्रवृत्तियों के बारे में लेख लिखें।

- वीरगाथा काल – महत्त्वपूर्ण काल
- श्रृंगार और वीर रस प्रधान
- युद्धों का सुन्दर चित्रण
- राष्ट्रीयता की भावना का अभाव

27. ‘रीतिकालीन कवि और उनकी मुख्य प्रवृत्तियाँ’ – इस विषय पर संगोष्ठी चलाने के लिए एक लेख लिखें ।

- रीतियुग के प्रवर्तक
- शृंगार प्रधान मुक्तक कवितायें
- अलंकरण की प्रधानता
- मुक्तक शैली की प्रधानता

---